अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग

ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी (तखतपुर) में No Plastic अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के द्वारा IEC (Information,Education,Communication) के विभिन्न विषयों को लेकर गावों में स्वच्छता मेला का आयोजन किया। जिसमें छात्रों ने विश्वविद्यालय के गोदग्राम देवरी खुर्द काठाकोनी तखतपुर मे साप्ताहिक

बाजार व गावों का भ्रमण किया छात्रों ने गाव के बाजार में रोजमर्रा से निकले लोकल वेस्ट को मैनेज करने का तरीका बताया। दैनिक जीवन के उपयोग से निकलने वाले प्लास्टिक बैग्स की हानियों को बताया तथा पॉलीथिन कि जगह कागज व कपड़े से बने बैगो के उपयोग को बढ़ावा देने, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों को ग्राम के लोगो का भी सहयोग मिला , छात्रों ने गाव के बाजार में स्वनिर्मित बैग्स भी बांटे तथा प्लास्टिक के बैग्स का उपयोग ना करने की समझाइश भी दी। अंत में छात्रों द्वारा ग्राम देवरी खुर्द में पोस्टर व पेम्प्लेट्स में स्लोगन्स और नुक्कड़ नाटक

के माध्यम से लोगो में जागरूकता फैलाने की पहल भी की गई। इस पूरे कैंपेन में आसपास के इलाकों व ग्रामों के लोग बड़ी संख्या में समिलित हुए व यह लोगो के बीच काफी चर्चा का विषय भी रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने इस कार्यक्रम के द्वारा आज IEC (Information,Education,Communication) के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर गावों में निकले ठोस

अप्सिस्टो के प्रबंधन हेतु अवरनेस कैंपेन चलाया जिसमें छात्रों ने विश्वविद्यालय के गोदग्राम देवरी खुर्द तखतपुर में जाकर ठोस के प्रबंधन के लिए वॉल पेंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वच्छता , वेस्ट मैनेजमेंट व पर्यावरण आदि से जुड़े हुए स्लोगन एवम् वॉल पेंटिंग ग्राम में बनाए गए , वॉल पेंटिंग एक उचित माध्यम होगा जिसे हर ग्राम वासी आते जाते देखते रहेंगे व सजग भी रहेंगे , इससे ठोस का उचित प्रबंधन होगा साथ ही हरियाली को भी बढ़ावा देने के लिए ग्राम में पेंटिंग के माध्यम से जागरूकता अभियान किया गयाए जो संदेश सभी ग्राम वासियों के लिए लाभप्रद होगा। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों को ग्राम के लोगो का भी सहयोग मिला व ग्रामीणों ने छात्रों के द्वारा किए कार्यों कि सराहना भी की व कहा की उनके कार्यों का फायदा निश्चित ही ग्राम तथा आसपास के क्षेत्र वासियों को मिलेगा ,तत्पश्चात् छात्रों ने ग्राम में स्वच्छ गावों-स्वच्छ राष्ट्र व वेस्ट मैनेजमेंट विषयों को ध्यान में रखकर कई कैंपेन भी चलाए गए।